दैनिक
आज का कानपुर
...नपुर से प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बांदा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

संक्षिप्त समाचार

डॉ पीके उपाध्याय बने सीएसए के अर्थ नियंत्रक

आज का कानपुर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय परिनियमावली में निहित प्राविधानों के अंतर्गत डॉक्टर पी के उपाध्याय कुलसचिव को उनके कार्यों के अतिरिक्त अर्थ नियंत्रक पद के समस्त उत्तरदायित्वो को अग्रिम आदेशों तक निर्वाहन किये जाने के आदेश प्रदान किए हैं। यह आदेश निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉक्टर नौशाद खान द्वारा जारी किया गया। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय के पूर्व अर्थ नियंत्रक आर एन सिंह 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत हुए हैं। डॉक्टर पीके उपाध्याय ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहूंगा।

दैनिक जागरण 06/01/2024

सीएसए के अर्थ नियंत्रक बने कुलसचिव

कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नया अर्थ नियंत्रक डा. पीके उपाध्याय को बनाया गया है। अब तक कुलसचिव का दायित्व संभाल रहे डा. उपाध्याय को अर्थ नियंत्रक का अतिरिक्त कार्यभार कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह के निर्देश पर सौंपा गया है। निदेशक प्रशासन एवं मानीटरिंग डा. नौशाद खान की ओर से जारी आदेश के बाद डा. उपाध्याय ने शुक्रवार को कार्यभार भी संभाल लिया है। (वि.)

हिंदुस्तान 06/01/2024

सीएसए के अर्थ नियंत्रक बने पीके

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने डॉ. पीके उपाध्याय को अर्थ नियंत्रक की जिम्मेदारी सौंपी। डॉ. उपाध्याय वर्तमान में रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत हैं और वे इसके साथ ही अर्थ नियंत्रक के समस्त उत्तरदायित्वों को अग्रिम आदेशों तक निर्वहन करते रहेंगे। विवि के निदेशक प्रशासन एवं मॉनीटरिंग डॉ. नौशाद खान ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया।

कुलसचिव पीके उपाध्याय को अर्थ नियंत्रक का अतिरिक्त कार्यभार

कानपुर, 5 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय परिनियमावली में निहित प्राविधानों के अंतर्गत डॉक्टर पी के उपाध्याय कुलसचिव को उनके कार्यों के अतिरिक्त अर्थ नियंत्रक पद के समस्त उत्तरदायित्वो कों अग्रिम आदेशों तक निर्वाहन किये जाने के आदेश प्रदान किए हैं। यह आदेश निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉ. नौशाद खान ने जारी किया। विश्वविद्यालय के पूर्व अर्थ नियंत्रक आर एन सिंह 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत हुए हैं।